दिनांक– 25.02.2025 समय–07.10एएम

आकाषवाणी मध्यप्रदेष

मुख्य समाचार :–

1. प्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित दो दिवसीय वैश्विक निवेशक सम्मेलन का आज समापन, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह समापन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। पहले दिन 22 लाख 50 हजार करोड़ के करार
2. मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने उद्यमियों से की चर्चा, कहा, प्रदेष में उद्योगों के अनुकूल माहौल
3. केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज सरस आजीविका मेले का उद्घाटन करेंगे। कई राज्यों के स्व सहायता समूह षामिल होंगे
4. मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा आज से।

निवेषक सम्मेलन

प्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित दो दिवसीय वैश्विक निवेशक सम्मेलन का आज समापन होगा। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह समापन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी संबोधित करेंगे।

*केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल भी आज वैश्विक निवेशक सम्मेलन में शामिल होंगे। वे एमपी इंटीग्रेटेड टाउनशिप पॉलिसी, पुनर्घनत्वीकरण और मध्यप्रदेश हाउसिंग रिडेवेलपमेंट पॉलिसी पर चर्चा करेंगे। सम्मेलन के पहले दिन बड़ी संख्या में निवेश के प्रस्ताव मिले। इसमें 22 लाख 50 हजार करोड़ रुपए से अधिक के इंटेशन–टू–इन्वेस्ट, एमओयू और निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुये। इससे 13 लाख 43 हजार से ज्यादा रोजगार सृजन होंग। वहीं, मध्यप्रदेश सरकार और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के बीच 1 लाख करोड़ रूपये के एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इससे लगभग 4 हजार किलोमीटर लंबी सड़क परियोजनाओं का निर्माण एवं विकास किया जाएगा। दो दिवसीय सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रमुख उद्योगपतियों के साथ वन–टू–वन मीटिंग कर प्रदेश में औद्योगिक निवेश की संभावनाओं पर परस्पर चर्चा कर रहे हैं ।*

प्रधानमंत्री सम्मेलन

इससे पहले कल सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि विश्व बैंक से लेकर दुनिया की सभी बड़ी संस्थाएं भारत को सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बता रही हैं और दुनिया के इस भरोसे ने राज्यों का आत्मविश्वास भी बढ़ाया है। वहीं डबल इंजन सरकार के कारण विकास की गति भी दोगुनी हो गई है। श्री मोदी ने कहा कि मध्य प्रदेश में निवेश करने का यह सबसे अच्छा समय है। श्री मोदी ने प्रदेश सरकार की निवेश को बढ़ावा देने वाली 18 से अधिक नई नीतियों को भी लॉन्च किया।

मुख्यमंत्री सम्मेलन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वैष्विक निवेषक सम्मेलन के दूसरे चरण में निवेशकों से भेंट की। श्री यागी कोजी काउंसलेट जनरल ऑफ जापान ने मुख्यमंत्री से भेंट की। इस अवसर पर भारत और जापान के बीच परस्पर सहयोग पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हाल ही में की गई, अपनी जापान यात्रा को सुखद

बताया। व्यवसाय के क्षेत्र में और जापान की तकनीक के उपयोग का लाभ लेने के संबंध में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्री कोजी से विचार–विमर्श किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत और जापान में मध्य, व्यापार और उद्योग क्षेत्र में दो पक्षीय सहयोग में मध्यप्रदेश महत्वपूर्ण योगदान देगा।

सड़क एमओयू

भोपाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट–2025 के पहले दिन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं लोकनिर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह की उपस्थिति मैं राज्य सरकार और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के बीच 1 लाख करोड़ रूपये के ऐतिहासिक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इससे लगभग चार हजार किलोमीटर लंबी सड़क परियोजनाओं का निर्माण एवं विकास किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एनएचएआई की निर्माण परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के लिए हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। वहीं, लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने इस एमओयू को मध्यप्रदेश के रोड इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए एक ऐतिहासिक कदम बताया और इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। एमओयू से सड़क बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के साथ रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

शिवराज–सरस

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज उत्तभर प्रदेश के नोएडा में सरस आजीविका मेले का औपचारिक उद्‌घाटन करेंगे। इस मेले का उद्देश्य कारीगरों और शिल्पकारों को उनकी आजीविका और समावेशी विकास को बढ़ावा देने में सहायता करना है। इस वर्ष मेले का विषय परंपरा, कला और संस्कृति है, जिसमें स्वायं सहायता समूहों की लखपति दीदियों की निर्यात क्षमता के विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। सरस आजीविका मेला 2025 में विभिन्न राज्यों के हथकरघा उत्पायदों, साड़ियों और ड्रेस सामग्री का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जाएगा। इस मेले में लोग 30 राज्यों के स्वयं सहायता समूहों की ओर से तैयार किए गए उत्पादों को देख सकते हैं। मेले में स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए दो सौ स्टॉल लगाये गए हैं जिन पर हथकरघा, हस्तशिल्प और प्राकृतिक खाद्य उत्पादों को बिक्री के लिए प्रदर्शित किया जायेगा। इस मेले में देश भर से स्वयं सहायता समूहों के लगभग 450 सदस्य भाग ले रहे हैं।

बोर्ड परीक्षा

मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं–बारहवीं की बोर्ड परीक्षा आज से शुरू हो रही है। वहीं दसवीं की बोर्ड परीक्षा 27 फरवरी को हिंदी के पेपर के साथ शुरू होगी। परीक्षा देने वाले छात्रों की कुल संख्या 16 लाख 60 हजार 252 रहेगी। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने परीक्षा के लिए 3887 केंद्र बनाए हैं। परीक्षा का समय सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक है। विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्र पर परीक्षा प्रारंभ होने के एक घंटा पहले और परीक्षा कक्ष में आधे घंटे पहले प्रवेश लेना अनिवार्य है। आगरमालवा जिले में मंगलवार से कक्षा बारहवीं की तथा 27 फरवरी से हायर सेकेन्ड्री की शुरू होने वाली परीक्षा के लिये बनाये गये 33 केन्द्रों पर 12 हजार 918 परीक्षार्थी शामिल होगें। जिले के चार अतिसंवदेनशील परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाये गये है वही जिला एवं ब्लॉक स्तरीय उडन दस्ते भी बनाये गये हैं। वहीं षाजापुर जिले में पांचवीं–आठवीं की परीक्षाएं कल से प्रारंभ हुई। शाजापुर जिले के 37 जन शिक्षा केन्द्रो के 172 परीक्षा केंद्रों पर कक्षा पांचवी में नामांकित 14 हजार 200 विद्यार्थी तथा कक्षा आठवीं की परीक्षा में 15 हजार 381 विद्यार्थी उपस्थित हुए।

तंबाकू नियंत्रण

देष में हर साल 13–14 लाख लोगों की तंबाकू सेवन से होने वाली बीमारियों से मृत्यु हो जाती हैं। मध्य प्रदेश वलंटरी हेल्थ एसोसिएशन के कार्यकारी निदेशक मुकेश कुमार सिन्हा ने कल धार में तंबाकू नियंत्रण कार्यषाला में यह जानकारी दी । उन्होंने बताया कि वैश्विक वयस्क तंबाकू सर्वेक्षण 2016–17 के अनुसार मध्य प्रदेश में 34 प्रतिषत वयस्क और 13–15 वर्ष के 3–9 प्रतिषत विद्यार्थी तंबाकू का सेवन करते हैं। कार्यशाला में तंबाकू नियंत्रण कानून और जागरूकता पर की जानकारी दी गई। श्री सिन्हा ने बताया कि तंबाकू नियंत्रण कानून के तहत नाबालिगों को तंबाकू उत्पाद बेचना और शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के भीतर तंबाकू बिक्री प्रतिबंधित है। तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थानों को लेकर भारत सरकार की गाइडलाइंस लागू करने पर बल दिया गया। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने कहा कि किशोरों और युवाओं को तंबाकू से बचाने के लिए जागरूकता जरूरी है। सामूहिक प्रयासों से जिले को तंबाकू मुक्त बनाया जा सकता है।

प्रधानमंत्री – बिहार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि दुनिया की हर रसोई में भारतीय किसान द्वारा उत्पादित कम से कम एक व्यंजन अवश्य शामिल करने की उनकी परिकल्पना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार कृषि उत्पादों के निर्यात, प्रसंस्करण और विपणन को बढ़ावा देने की दिशा में लगातार काम कर रही है। श्री मोदी नौ करोड़ 80 लाख किसानों को पीएम किसान सम्मोन निधि योजना की 19वीं किस्त जारी करने के बाद भागलपुर में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने वित्तीय सहायता के रूप में 22 हजार 700 करोड़ रुपये की राशि जारी की। प्रदेष में भी किसानों के खातों में सम्मान निधि की राषि आई; रायसेन ज़िले में किसान सम्मान निधि के तहत किसान सम्मान समारोह का आयोजन तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त राशि अंतरण कार्यक्रम हुआ।

चैंपियंस ट्रॉफी–क्रिकेट

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट में, रावलपिंडी में न्यूजीलैंड ने कल रात बांग्लादेश को पांच विकेट से हरा दिया। इस जीत से न्यूजीलैंड की टीम ने भारत के साथ ग्रुप ए से सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली है। न्यूजीलैंड और भारत के ग्रुप ए में दो जीत से चार–चार अंक हो गए हैं। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीम सेमीफाइनल में पहुचेंगी। इसके साथ ही बांग्लादेश और मौजूदा चैंपियन पाकिस्तान अपने–अपने दोनों मैच हार कर प्रतियोगिता से बाहर हो गए हैं। इससे पहले, बांग्लादेश ने निर्धारित 50 ओवर में नौ विकेट पर 236 रन बनाए। प्रतियोगिता में आज रावलपिंडी में ग्रुप बी के मैच में दक्षिण अफ्रीका का मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से होगा। मैच भारतीय समय के अनुसार दोपहर बाद ढाई बजे शुरू होगा। दक्षिण अफ्रीका ने अपने पिछले मैच में, अफगानिस्तान को 107 रन से हराया था, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 5 विकेट से पराजित किया था।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .......

- झाबुआ जिले में ग्राम संदला एवं खेड़ी बरोड़ में वित्तीय साक्षरता सप्ताह के अंतर्गत महिलाओं को वित्तीय साक्षरता, बैंकिंग का महत्व बताया गया। महिलाओं को ऑनलाइन ठगी, सामाजिक सुरक्षा बीमा, अटल पेंशन योजना तथा बैंक के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

- इंदिरा गांधी जनजाति विश्वविद्यालय अमरकंटक में 60 से अधिक विद्यार्थी प्रदूषित खाद्य के कारण बीमार हो गए।
- मंदसौर में महाशिवरात्रि के पर्व के अवसर पर भगवान पशुपतिनाथ मंदिर आराधना हॉल में शाम 6:30 बजे शिव–सत्य की कला अभिव्यक्तियाँ, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के रसास्वादन का आयोजन होगा।
- डिंडोरी में कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने कल में समय सीमा बैठक ली।
- इंदौर जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीदी का कार्य 01 मार्च से प्रारंभ होगा। गेहूँ खरीदी के लिए जिले में 91 केन्द्र बनाये गए हैं।
- पी.एम. किसान सम्मान निधी के 6 वर्ष पूर्ण होने एवं 19वी किस्त वितरण के लिए जिला स्तरीय किसान सम्मान समारोह का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र शाजापुर पर किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग शाजापुर द्वारा आयोजित किया गया।

———————————————